## दिनांक-06.10.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2, खगड़िया अन्तर्गत बदलाघाट नगरपाड़ा तटबंध के कि0मी0 34.00 पर एण्टी फ्लड स्लूईस निर्माण कार्य (एजेण्डा संख्या-226/02/2025) (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-03/SBD/2025-26 Group No-01) के निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-06.10.2025 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया ।

(i) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) श्री नवल किशोर भारती, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर ।

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना ।

**तकनीकी बीड**

2.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | बदलाघाट नगरपाड़ा तटबंध के कि0मी0 34.00 पर एण्टी फ्लड स्लूईस निर्माण कार्य (एजेण्डा संख्या-226/02/2025) । |
| (ii) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु0 258.83984 लाख |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | :- | प्रभात खबर, दिनांक-07.08.2025 शुद्धि पत्र दिनांक-23.08.2025 पी0आर0 नं0-010748 (WRD)2025-26 |
| (iv) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक-25.08.2025 |
| (v) | प्राप्त निविदाओं की सं0 | :- | 02 अदद । |
| (vi) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग । |
| (vii) | एन0 आई0 टी0 सं0 | :- | 03/SBD/2025-26 Group No-01 |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2, खगड़िया । |
| (ix) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि | :- | बाढ़ (मो0)सिं0-69/2024-2574 दिनांक-06.05.2025 |

**3. विभागीय निविदा समिति की समीक्षा :-**

विषयांकित कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/SBD/2025-26 Group No-01 द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी । जिसमें किसी निविदादाता द्वारा भाग नही लेने के कारण विभागीय अनुमोदनोपरान्त कार्य की समय सीमा को दिनांक-31.03.2026 तक निर्धारित किया गया है । उक्त कें आलोक में विषयांकित कार्य हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की गयी है । विदित है कि प्रसंगाधीन कार्य की एकल निविदा के निस्तार हेतु पूर्व से ही विभागीय अनुमोदन प्राप्त है । पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना की अधिसूचना संख्या-3162(S) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-(2) के आलोक में उक्त एकल निविदा पर विभागीय स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है ।

दिनांक-26.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है :-

(i) **जगदम्बा कन्सट्रक्शन, भीमनगर, वार्ड नं0-11, सुपौल :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है । अत: ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते है ।

(ii) **सत्येन्द्र कुमार एण्ड को0 कन्सट्रक्शन प्रा0लि0, जी07, तारा टॉवर, एक्जीविशन रोड, पटना :-** इनके द्वारा निविदा अभिलेख के ITB के कंडिका 4.7 के अन्तर्गत Existing Commitment and Ongoing Works के संबंध में E/I से प्रतिहस्ताक्षरित वांछित प्रमाण पत्र/एकरारनामा/कार्यावंटन आदेश जिसमें कार्य की राशि सम्मिलित हो, सभी कार्यो का संलग्न नहीं किया गया है, जिस कारण इनके Bid Capacity की वास्तविक गणना संभव नहीं है । साथ ही निविदा अभिलेख में संलग्न विभागीय पत्रांक-704 दिनांक-03.08.2018 के अनुरूप Sheet Pile/ Bore Pile (Greater than or equal to 1m dia) का कार्यानुभव नही है । अत: ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नहीं करते हैं ।

4. **विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-**

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य की निविदा में सम्मिलित कुल दो (02) अदद् निविदादाताओं में से कुल एक (01) अदद् निविदादाता यथा 1. **जगदम्बा कन्सट्रक्शन, भीमनगर, वार्ड नं0-11, सुपौल** तकनीकी बीड में सफल पाये गये तथा एक (01) अदद निविदादाता यथा 1. **सत्येन्द्र कुमार एण्ड को0 कन्सट्रक्शन प्रा0लि0, जी07, तारा टॉवर, एक्जीविशन रोड, पटना** तकनीकी बीड में असफल पाये गये ।

उपर्युक्त समीक्षा के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर को तकनीकी बीड में सफल एकल निविदादाता **जगदम्बा कन्सट्रक्शन, भीमनगर, वार्ड नं0-11, सुपौल** से इस आशय की सहमति की ''यदि संवेदक द्वारा उद्धत दर, परिणाम विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर / वार्तालापित दर पर करने के लिए सहमत होगें'' लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर नियमानुसार कार्य आवंटित करने हेतु प्राधिकृत किया गया ।

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर

(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0नि0- 182/2025- 4287 पटना/ दिनांक- 06-10-2025

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित ।

(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0नि0-182/2025- 4287 पटना/ दिनांक- 06-10-2025

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता